**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**08.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे**

**दिहाड़ी बढ़ौतरी**

राज्य सरकार ने दीपावली से पहले कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने मिड–डे–मील वर्कस और एसएमसी के तहत कार्यरत सीएंडवी, लेक्चरर, डीपीई, टीजीटी व जेबीटी और वॉटर कैरियर के मानदेय में पांच–पांच सौ रूपए की वृद्धि की है। इसके अलावा दिहाड़ीदारों व पार्ट टाईम वर्कर की दिहाड़ी 25 रूपए बढ़ाकर 4 सौ 25 की गई है। वहीं सिलाई अध्यापिकाओं, पंचायत चौकीदारों और राजस्व चौकीदारों के मानदेय में भी पांच सौ रूपए की बढ़ौतरी की गई है। राज्य सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों और शहरी निकाय के प्रतिनिधियों को मिलने वाले मानदेय में भी वृद्धि की है। आउटसोर्स कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाकर 12 हजार सात सौ 50 रूपए किया गया है।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला शहर में एक सौ 45 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित किए जा रहे यूटीलिटी डक्ट के निर्माण कार्य की आज शिमला में समीक्षा की। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को छोटा शिमला से विलीज पार्क तक निर्मित की जा रही सात किलोमीटर लंबी डक्ट का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे शहर में तारों के जाल से मुक्ति मिलेगी और पर्यटकों को भी बेहतर अनुभव मिलेगा।

**बिलासपुर हादसा**

बिलासपुर जिले के झंडुता उपमंडल के तहत भल्लू पुल के समीप कल हुई निजी बस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 16 हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों में 11 पुरूष, चार महिला व एक बच्चा शामिल है। हादसे में घायल दो बच्चों को बिलासपुर एम्स अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। हादसे के सभी मृतकों की पहचान कर ली गई है। प्रशासन की ओर से फौरी राहत के तौर पर मृतकों के परिजनों को 25–25 हजार रूपये की राहत राशि प्रदान की गई है।

**सड़क हादसा**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस बस हादसे पर गहरा शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क की स्थिति और संभावित ब्लैक स्पॉट्स की जांच करवा रही है। यदि हादसे के पीछे किसी की लापरवाही पाई गई, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कुल्लू दशहरा**

कुल्लू का सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव आज सम्पन्न हो गया। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए दशहरा उत्सव में भाग लेने वाले बाजा बजंतरियों के मानदेय में 10 प्रतिशत वृद्धि करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार देव संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के साथ–साथ पर्यटन विकास के लिए भी वचनबद्ध है ताकि नई पीढ़ी तक हमारी परंपराएं पहुंचे और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कुल्लू जिला में पेयजल सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए दो सौ करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

**एचआरटीसी पैंशनर**

प्रदेश पथ परिवहन निगम के पैंशनरों को पिछले दो महीनों से पैंशन नहीं मिली है जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों में नाराजगी देखने को मिली है। प्रदेश पैंशनर संयुक्त संघर्ष समिति के सचिव राजेन्द्र ठाकुर ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि समिति द्वारा 15 अक्तूबर को शिमला स्थित निगम मुख्यालय के बार धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पैंशनर्स पिछले दो वर्षों से अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के पास कई बार गुहार लगा चुके हैं लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। राजेन्द्र ठाकुर ने कहा कि एचआरटीसी पैंशनर्स को भी राज्य के अन्य पैंशनरों के समान लाभ मिलना चाहिए।

————————————————————————————————————

————————————————————————————————————